चित्तरंजन में उत्पादन की योजना बनाई गई है और रेलों की मांग को ध्यान में रखते हुए उत्पादन के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

(ख) अब तक सवारी डिब्बा कारखाना, पेरम्बूर में मीटर लाइन की 8 डीजल रेल कारें बनाई जा चुकी हैं तथा चार और कारों के उत्पादन का काम विभिन्न चरणों में है।

Social Measures Adopted by Social Welfare Board Manipur

2048. SHRI M. MEGHACHANDRA : Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be pleased to state the datails of the specific Social Welfare measures adopted under the Social Welfare Board, Manipur during the current year in the Scheduled Caste and Scheduled Tribe areas ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (SHRI JAGANATH RAO) : The State Social Welfare Advisory Boards do not have any programme exclusively for the welfare of Scheduled Caste/Scheduled Tribe people/ areas in any State/Union Territory.

नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन के सहायक प्रबन्धक के विरुद्ध शिकायत

2049. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **औद्योगिक विकास** तथा **आन्तरिक व्यापार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में स्थित खादी ग्रामद्योग भवन के कर्मचारियों ने सहायक प्रबन्धक के विरुद्ध शिकायत पत्र भेजा है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त पत्र में किस प्रकार की शिकायतें की गई हैं तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री मं० र० कृष्ण) : (क) जी हां।

(ख) शिकायतें सामान्य प्रकार की थीं। इनकी जांच खादी ग्रामोद्योग आयोग के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा की गई। प्राधिकारी के मतानुसार कोई भी दोषारोपण उनके विरुद्ध सिद्ध नहीं हो सका।

खादी ग्रामोद्योग भवन कर्मचारी एसोसिएशन नई दिल्ली द्वारा खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग बम्बई को ज्ञापन देना

2050. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खादी ग्रामोद्योग भवन कर्मचारी एसोसिएशन नई दिल्ली ने खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग, बम्बई के अध्यक्ष को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है ;

(ख) क्या उस पर कोई कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) से (ग). सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

नई दिल्ली के खादी ग्रामोद्योग भवन द्वारा गोदाम को खाली करना

2051. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऊन का स्टाक करने के लिए नई दिल्ली में आसफ अली रोड पर कोई गोदाम है, यदि हां, तो उसका मासिक किराया कितना है;

(ख) क्या खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली को अब एक गोदाम की आवश्यकता है ;

(ग) यदि हां, तो पहले वाले गोदाम को खाली करने के क्या कारण है ; और